Govt. College Sainj
(H.P.)College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	26 July, 2025
2	Name of Activity/	**रोवर व रेंजर यूनिट द्वारा महाविद्यालय सैंज में स्वच्छता अभियान का आयोजन**
3	Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity	Rover and Ranger
4	Name of Collaborating Agency (IfAny)	NSS
5	No. of Faculty/Student Participants	60
6	No. of Teacher Participants	03
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	**रोवर व रेंजर यूनिट द्वारा महाविद्यालय सैंज में स्वच्छता अभियान का आयोजन** **सैंज, (आपका फैसला)।** राजकीय महाविद्यालय सैंज में शनिवार को रोवर, रेंजर यूनिट व एन एस एस यूनिट के तत्वावधान में एक स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में लगभग 60 उत्साही रोवेर रेंजर व एन एस एस वॉलिंटियर्स ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। अभियान के अंतर्गत न केवल परिसर की साफ–सफाई की गई, बल्कि लंबे समय से उगी अनावश्यक झाड़ियों, भाँग को भी काटा गया ताकि कॉलेज का वातावरण और अधिक स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके। छात्रों ने अपने श्रमदान से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। यह इस शैक्षणिक सत्र में रोवर व रेंजर यूनिट व एन एस एस यूनिट की पहली गतिविधि थी, जिसे लेकर छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर रोवर व रेंजर अधिकारी प्रो. प्रेम नेगी,डॉ. वंदना आर्या व एन एस एस अधिकारी डॉ शशि शर्मा ने कहा, स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे मन–मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। इसी ऊर्जा से विद्यार्थियों में रचनात्मकता और अनुशासन विकसित होता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुजाता एवं अन्य संकाय सदस्यों ने भी इस पहल की सराहना की और छात्रों को भविष्य में भी इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Organiser

Principal
Government Degree College Sainj,
Himachal Pradesh